11

अविकारी शब्द
Indeclinable Words

1. **अविकारी शब्द या अव्यय किसे कहते हैं?**

"वे शब्द जिनमें संज्ञा, सर्वनाम, लिंग, वचन, काल आदि के कारण कोई विकार या परिवर्तन नहीं होता, अविकारी शब्द कहलाते हैं।"

2. **क्रियाविशेषण किसे कहते हैं? इसके कितने भेद हैं? उदाहरण सहित लिखो—**

"जो शब्द क्रिया का स्थान, काल, रीति तथा परिमाण से संबंधित विशेषताएँ बताते हैं, उन्हें क्रियाविशेषण कहते हैं। क्रियाविशेषण चार प्रकार के होते हैं— 1. कालवाचक 2. स्थानवाचक 3. रीतिवाचक 4. परिमाणवाचक"

जैसे— "कालवाचक क्रियाविशेषण — पिता जी **प्रतिदिन** योग करते हैं।"
"स्थानवाचक क्रियाविशेषण — लट्टू **इधर-उधर** घूम रहा है।"
"रीतिवाचक क्रियाविशेषण — खरगोश **तेज़** दौड़ता है।"
"परिमाणवाचक क्रियाविशेषण — मिठाई **कम** खाओ।"

3. **उचित क्रियाविशेषण भरकर वाक्य पूरे करो—**

क. "आज" बारिश हो रही है। (आज, कल)

ख. पापा "अंदर" बैठे हैं। (बहुत, अंदर)

ग. राजकुमारी "ज़ोर" से हँसने लगी। (शोर, ज़ोर)

घ. "कम" खाओ, स्वस्थ रहो। (पतला, कम)

ङ. थककर वह "चैनपूर्वक" सोया। (चैनपूर्वक, नींदपूर्वक)

4. **नीचे दिए गए वाक्यों में से क्रियाविशेषण शब्द छाँटकर लिखो। उनके भेद भी बताओ—**

		क्रियाविशेषण	भेद
क.	बिल्ली गटागट दूध पी गई।	गटागट	रीतिवाचक
ख.	मीशा प्रतिदिन खेलती है।	प्रतिदिन	कालवाचक
ग.	चूहा इधर-उधर दौड़ रहा है।	इधर-उधर	स्थानवाचक
घ.	तुम बिलकुल सही कर रहे हो।	बिलकुल सही	रीतिवाचक
ङ.	दाएँ-बाएँ देखकर सड़क पार करनी चाहिए।	दाएँ-बाएँ	स्थानवाचक

पेज-87

1. **संबंधबोधक किसे कहते हैं? उदाहरण सहित बताओ—**
जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम शब्दों का संबंध वाक्य के अन्य शब्दों से बताते हैं, उन्हें संबंधबोधक अव्यय कहते हैं। उदाहरण— कप्तान **के पीछे** खिलाड़ी आ रहे हैं।

2. **निम्नलिखित वाक्यों में संबंधबोधक शब्दों पर घेरा लगाओ—**
क. नई टीम में अजीत (की जगह) सौरभ को लिया गया है।
ख. कुत्ता आदित्य (के पीछे) पड़ गया।
ग. यह रेल दक्षिण राज्यों (की ओर) जाती है।
घ. मुझे लाल (की अपेक्षा) हरा रंग ज़्यादा पसंद है।
ङ. भगवान (के सिवा) उसका कोई नहीं है।

3. **उचित संबंधबोधक शब्द लिखकर अनुच्छेद पूरा करो—**
सृजन के घर के पास एक पेड़ है। उस पेड़ के ऊपर बहुत-से पक्षी रहते हैं। पेड़ के नीचे बिल में एक साँप भी रहता है पर वह पक्षियों के घोंसले के पास नहीं जाता। पक्षी भी डर के मारे उससे दूर रहते हैं।

पेज-89

1. **समुच्चयबोधक शब्दों को पहचानकर घेरा लगाओ—**
क. चाहे छोटा हो (या) बड़ा सभी भारतीय हैं।
ख. खूब पढ़ो (अन्यथा) अनुत्तीर्ण हो जाओगी।
ग. रोज़ व्यायाम करो (ताकि) स्वस्थ रहो।
घ. लता (और) आशा जी दोनों अच्छा गाती हैं।
ङ. ऐसे काम करो (जिससे) सबका भला हो।
च. पैसेवाले हो (परंतु) कंजूस हो।

2. **सही समुच्चयबोधक शब्द लिखकर वाक्य पूरे करो—**

क. अगर जल्दी आते ···तो··· नाटक देख पाते।

ख. मैं ···और··· नानी रोज़ पार्क में जाते हैं।

ग. प्रकृति पूरे विद्यालय में ही नहीं ···बल्कि··· पूरे राज्य में प्रथम आई है।

घ. शेर ···तथा··· हाथी दोनों को चिड़ियाघर में देख सकते हो।

ङ. उसने मेहनत तो बहुत की ···लेकिन··· सफल न हो सका।

3. **वाक्यों को रेखा खींचकर उचित योजक से जोड़ो—**

क. आँधी तेज़ थी	और	उसके भाई की शादी थी।
ख. मोहित अवकाश पर था	अन्यथा	चक्कर भी आ रहे थे।
ग. बादल गरजे	इसलिए	बारिश नहीं हुई।
घ. जल्दी-जल्दी स्टेशन चलो	क्योंकि	पेड़ गिर गया।
ङ. उसे बुखार था	परंतु	गाड़ी छूट जाएगी।

पेज-91

1. **नीचे लिखे विस्मयादिबोधक शब्दों का सही भावों से मिलान करो—**

वाह	घृणा
अरे	खुशी
छिः	प्रशंसा
ओह	हैरानी
शाबाश	शोक
हाय	दुख

2. **उचित विस्मयादिबोधक शब्द लिखकर वाक्य पूरे करो—**

क. ···वाह !··· कितना सुंदर फूल है।

ख. ···अरे !··· तुम कब आए?

ग. ···छिः !··· कितनी गंदगी है।

घ. ···सावधान !··· आगे सड़क टूटी है।

ङ. ···काश !··· मैं प्रथम आता।

3. **विस्मयादिबोधक शब्दों को पहचानकर घेरा लगाओ—**

क. बाप रे ! इतना पानी कहाँ से आ गया?

ख. थू-थू ! यह क्या खिला दिया?

ग. हाय ! यह क्या हो गया?

घ. वाह ! कितना सुंदर दृश्य है।

ङ. ओह ! तो तुम हो।

भाषा-खेल-2 शब्द सीढ़ी

संकेतों की मदद से वर्ग-पहेली पूरी करो—

1.→ च तु र

2.↓ र ह

3.→ अ ना या स

4.↓ स म

5.→ अ व् य य

6.↓

7.→ ह ल न् त

8.↓ भू त का ल

9.→ आ ल सी

10.↓ सी ख ना

संकेत—

→ 1. एक प्रसिद्ध कहानी— '.......... कौआ'

3. रीतिवाचक क्रियाविशेषण

5. अविकारी का दूसरा नाम

7. स्वररहित व्यंजन के नीचे इसे लगाते हैं।

9. गुणवाचक विशेषण (सुस्त का पर्याय)

↓ 2. 'रह' से बनी क्रिया

4. काल का अर्थ

6. एक सार्वनामिक विशेषण

8. बीता हुआ समय

10. 'सीख' शब्द पर आधारित क्रिया